## सार-समाचार

### खेल गतिविधियों से बच्चों को जीवन कौशल की जानकारी दी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा संचालित एपीएफ कार्यक्रम के अंतर्गत पाबूथान, लीडी, मांगलियावास, नाहरपुरा सहित विभिन्न संसाधन केंद्रों में बच्चों के लिए खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के प्रति जागरूक करना तथा उनके शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना था। आयोजन के दौरान बच्चों ने खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, शतरंज, फुटबॉल, दौड़ तथा अन्य खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और आत्मविश्वास विकसित करने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही जीवन कौशल विषय पर विशेष सत्र आयोजित कर बच्चों को जीवन कौशल की अवधारणा, महत्व तथा खेलों से मिलने वाले व्यवहारिक अनुभवों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के सफल संचालन में परियोजना समन्वयक तोताराम उदयवाल और राम कड़ेला का विशेष योगदान रहा।

### एमडीएसयू में संस्कृत संभाषण कक्षा 15 से

**अजमेर, (कासं)।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार और भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन के लिए 15 दिवसीय संस्कृत संभाषण कक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 15 जून से संस्कृत विभाग स्थित कुबेर भवन में प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्कृत भाषा को सरल, सहज और व्यवहारिक रूप में जनसामान्य तक पहुंचाना है। कुलपति प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि संस्कृत भारतीय संस्कृति, ज्ञान और जीवन मूल्यों की आधारभूत भाषा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संस्कृत वाचन, पठन, लेखन और दैनिक संवाद का व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा। कक्षा प्रतिदिन लगभग डेढ़ घंटे की होगी तथा प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### ईंधन बचाओ संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यात्रा की

**अजमेर, (कासं)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई-2 के प्रांतपाल रामकिशोर गर्ग ने प्रधानमंत्री के ईंधन बचाओ संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से दो दिनों में एक हजार किलोमीटर से अधिक की यात्रा कर दस क्लबों का आधिकारिक दौरा किया। जिला मुख्य मीडिया समन्वयक राजेंद्र गांधी ने बताया कि रामकिशोर गर्ग ने प्रांतीय सचिव अशोक जैन और प्रांतीय कोषाध्यक्ष जे.के. जैन के साथ यह यात्रा पूरी की। उन्होंने यात्रा के दौरान समय और ईंधन बचत का संदेश दिया। यात्रा के दौरान झालावाड़, कोटा, भवानीमंडी, गरोठ, श्यामगढ़, मंदसौर, नीमच सेंट्रल, फतेहनगर, कपासन, चित्तौड़गढ़ और निम्बाहेड़ा सहित विभिन्न क्लबों का दौरा किया गया। सभी स्थानों पर सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

### कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का स्वागत किया



**अजमेर, (निसं)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के अजमेर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पुष्कर में आयोजित कांग्रेस के प्रशिक्षण एवं चिंतन कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दिल्ली रवाना होने के दौरान किशनगढ़ एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पहुंचकर राहुल गांधी का अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें सूत की माला पहनाकर तथा राजस्थानी साफा बांधकर स्वागत किया। साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ नेता का भी सम्मान किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाए तथा संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस देशभर में जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठा रही है और संगठन को नई दिशा मिल रही है। इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिवकुमार बंसल, पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष सतीश वर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, संपत कोठारी, शक्ति सिंह रलावता, अहमद हुसैन, पूर्व पार्षद ऋषि घारू, योगेश जाटोलिया, मुकेश सिंह राठौड़, भरत सिंह राणा, शंकर गुर्जर, अशोक सिंह, जेतमाल, फुरकान हुसैन, एस.एम. अकबर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। किशनगढ़ एयरपोर्ट पर हुए इस स्वागत समारोह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्साह और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। नेताओं ने राहुल गांधी एवं सचिन पायलट को आगामी राजनीतिक और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

### ब्यावर-भीम मार्ग पर रोडवेज की मांग

**ब्यावर (निसं)।** जिला किसान संघ अजमेर-ब्यावर केकड़ी अध्यक्ष गणपतसिंह मुग्धेश के नेतृत्व में एक शिष्ट मण्डल ब्यावर रोडवेज डिपो प्रबंधक सुश्री क्षिप्रा शनिवाल से मिला तथा उन्हें ब्यावर भीम मार्ग पर प्रातः 6 बजे से सांय 8 बजे आने-जाने हेतु नियमित रोडवेज की साधारण बसें चलाने की पुनः मांग करी। सुश्री क्षिप्रा ने रोडवेज की नई बसें आने पर 15 दिन बाद बसें चलाने का आश्वासन दिया । शिष्ट मण्डल में तेजसिंह रावत, डूंगरसिंह सुरड़िया, चन्द्रभानसिंह कम्पोटर, सीताराम भराड़िया, मिश्री काठात एवं मनोहरसिंह आदि शामिल थे।

# पुरानी दरों पर ठेका देने के विरोध में अस्थाई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल

■ प्रतिदिन 500 रुपये भुगतान की मांग, कर्मचारियों ने लगाया शोषण का आरोप

**अजमेर, (कासं)।** नगर निगम द्वारा सफाई कार्य का ठेका पुरानी दरों पर विमल राज कंपनी को दिए जाने के विरोध में अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल पर गए कर्मचारियों ने निगम प्रशासन और ठेका कंपनी के खिलाफ नाराजगी जताते हुए उचित पारिश्रमिक और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों की मांग की है।

अस्थाई सफाई कर्मचारियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के दौर में उन्हें पुराने भुगतान मानकों पर कार्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि दैनिक जीवन की आवश्यकताओं का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों ने मांग की है कि उन्हें प्रतिदिन कम से कम 500 रुपये के हिसाब से भुगतान किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मान पूर्वक कर सकें।

हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम और ठेका कंपनी उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से वे सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मेहनत कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें उचित मजदूरी नहीं मिल रही है। कर्मचारियों ने इसे श्रमिकों का आर्थिक शोषण बताते हुए कहा कि अब वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।

**शोषण अब बर्दाश्त नहीं:** प्रदर्शन कर रहे समाजसेवी सन्नी गोयर सहित कर्मचारियों ने कहा कि नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी और ठेका कंपनी श्रमिकों की जायज मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे शहर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

**शहर की सफाई व्यवस्था पर पड़ सकता है असर:** अस्थाई सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर शहर की सफाई व्यवस्था पर भी पड़ सकता है। बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों के काम पर नहीं आने से विभिन्न क्षेत्रों में कचरा संग्रहण और सफाई कार्य प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इससे आमजन को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**वार्ता की उम्मीद, समाधान का इंतजार:** हड़ताली कर्मचारियों ने प्रशासन से जल्द वार्ता कर उनकी मांगों का समाधान निकालने की अपील की है। वहीं नगर निगम प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। फिलहाल, कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होने के बाद शहर की सफाई व्यवस्था और श्रमिकों की मांगों को लेकर नगर निगम प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है। अब सभी की निगाहें प्रशासन और कर्मचारियों के बीच संभावित वार्ता एवं समाधान पर टिकी हुई हैं।

# संस्कार शिक्षा शिविर में 125 बच्चों को सम्मान मिला



कार्यक्रम में बच्चों को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**अजमेर, (कासं)।** आदेश सेवा समिति द्वारा आयोजित 12 दिवसीय संस्कार शिक्षा शिविर का सोमवार को गुलाबबाड़ी स्थित राधे रानी गार्डन में भव्य समापन हुआ। शिविर का उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और सांस्कृतिक चेतना का विकास करना था।

समापन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भूपेंद्र उबाना ने कहा कि आधुनिक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों में संस्कार, अनुशासन और मानवीय मूल्यों का विकास भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के दौरान बच्चों को महापुरुषों के जीवन चरित्र, बड़ों के सम्मान, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक समरसता तथा नैतिक जीवन के बारे में जानकारी दी गई। समापन समारोह में बच्चों ने योग, सूर्य नमस्कार, प्रेरणादायक नाटक और लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। शिविर में भाग लेने वाले सभी 125 बच्चों को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अजमेर में 'हिंगोनिया गौशाला' की तर्ज पर विकसित होगा आधुनिक गौ संरक्षण केंद्र

■ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल से बदलेगी अजमेर कांजी हाउस की तस्वीर

**अजमेर, (कासं)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर अजमेर स्थित कांजी हाउस को आधुनिक सुविधाओं से युक्त एवं सुव्यवस्थित गौ संरक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रस्तावित योजना के तहत कांजी हाउस को जयपुर की प्रसिद्ध हिंगोनिया गौशाला की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जिससे गौ सेवा और गौ संरक्षण के क्षेत्र में नए मानक स्थापित होंगे।

देवनानी ने इस संबंध में अक्षय पात्र फाउंडेशन के प्रतिनिधियों, नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों तथा संबंधित पक्षों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने नगर निगम अजमेर के प्रशासक शक्ति सिंह राठौड़, आयुक्त नित्या के. तथा फाउंडेशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कांजी हाउस के संचालन, विकास और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया।

प्रस्ताव के अनुसार अक्षय पात्र फाउंडेशन को कांजी हाउस के संचालन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इस संबंध में दोनों पक्षों के बीच शीघ्र ही समझौता ज्ञापन होने की संभावना है। इसके लिए नियमों और शर्तों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। हाल ही में अक्षयपात्र फाउंडेशन की टीम ने कांजी हाउस का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध संसाधनों, सुविधाओं और विकास की संभावनाओं का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान गौवंश के संरक्षण, पोषण, चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, चारा-पानी की उपलब्धता तथा आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

देवनानी ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। अजमेर के कांजी हाउस को आदर्श गौ संरक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अक्षयपात्र फाउंडेशन जैसे अनुभवी संस्थान के सहयोग से यहां उच्च स्तरीय व्यवस्थाएं विकसित होंगी और गौवंश को बेहतर संरक्षण एवं देखभाल मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल गौ संरक्षण को मजबूती मिलेगी, बल्कि पशु कल्याण और सेवा के क्षेत्र में अजमेर नई पहचान भी स्थापित करेगा।

### शिक्षा संस्कृति की राष्ट्रीय बैठक संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय प्रांत संयोजक बैठक महाराष्ट्र के पुणे स्थित नाथीबाई दामोदर ठाकरसी महिला विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय विचार-मंथन के बाद संपन्न हुई। बैठक में देशभर के 40 से अधिक प्रांतों से आए 200 से अधिक शिक्षाविदों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय भाषाएं, वैदिक गणित, शोध, शिक्षक शिक्षा, चरित्र निर्माण और शिक्षा के विविध आयामों पर व्यापक चर्चा की गई तथा आगामी राष्ट्रीय कार्ययोजना तैयार की गई। प्रांत संयोजक डॉ. अमित शास्त्री ने पत्रकार वार्ता में बताया कि बैठक में देशभर के 15 से अधिक प्रांतों में 'ज्ञान सभा' आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इन सभाओं के माध्यम से शिक्षा, समाज और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर व्यापक जनजागरण तथा संवाद को बढ़ावा दिया जाएगा।

### विश्व दुग्ध दिवस पर आश्रमों में दुग्ध उत्पाद वितरित किए

**अजमेर, (कासं)।** विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर अजमेर डेयरी की ओर से सोमवार को 'सरस जन-जागरूकता अभियान' का आयोजन किया गया। अभियान के तहत अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने जिले के विभिन्न वृद्धाश्रमों, अपना घर आश्रम, दयानंद बाल सदन, लाडली घर तथा अन्य सेवा संस्थानों में पहुंचकर वृद्धजनों, असहायों, निराश्रितों, दृष्टिबाधित बालिकाओं और अनाथ बच्चों के साथ यह दिवस मनाया।

अभियान के दौरान उपस्थित लोगों को दूध एवं दुग्ध उत्पादों के पोषण संबंधी महत्व, स्वस्थ जीवन में उनकी भूमिका तथा संतुलित आहार में दूध की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सरस दूध, दही, लस्सी, नमकीन छाछ सहित विभिन्न दुग्ध उत्पाद निःशुल्क वितरित किए गए।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम UMESH KUMAR CHAURASHIYA से बदलकर UMESH KUMAR CHAURASIA S/O RAM DAYAL रख लिया है भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए इसी नाम से जाना पहचाना जावे पता- HNO B-104,RADHA VIHAR,HARI BHAU UPADHYAY NAGAR MAIN, PUSHKAR ROAD AJMER,

**NAME CHANGE**

I, P Subalakshmi, Mother of Army No. 15161524Y, Hav (Dmt), Mallikharjuna Palakiti, Residing at Yellavathula, Allagadda, Rudravaram, Nandyal, A.P. 518583 have change my name from P Subalakshmi to Mangali Subbalakshamma vide affidavit no.CF 288485 dt 31/05/2026 at court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I LAKHUMUNA DEVI is Mother of Army No. 18000241P Rank-HAV Name-LALAN SINGH Serving in India Army I have changed my Name in my Son Army service record from LAKHUMUNA DEVI to LAKHAMUNA DEVI Vide Affidavit No. CH 907088 Before Court Nasirabad.

**NAME CHANGE**

I, P Sandhya, Wife of Army No.15161524Y, Hav (Dmt), Mallikharjuna Palakiti, Residing at Yellavathula, Allagadda, Rudravaram, Nandyal, A.P. 518583 have change my name from P Sandhya to Palakaveedu Sandhya vide affidavit no. CF 288484 dt 31/05/2026 at court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, Shiv Dulari Devi, Mother of Army No. 15347354Y, Hav, Arun Kumar, Residing at Kamta, Arwal, Bihar, 804428 have change my name from Savdularo to Shiv Dulari Devi vide affidavit no.CF 288495 dt 01/06/2026 at court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, Army No.15161524Y, Hav (Dmt), Mallikharjuna Palakiti, Residing at Yellavathula, Allagadda, Rudravaram, Nandyal, A.P. 518583 have change my Son name from Palakiti Siva Bharath to Palakaveedu Shiva Bharath vide affidavit no.CF 288482 dt 31/05/2026 at court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, Army No.15161524Y, Hav (Dmt), Mallikharjuna Palakiti, Residing at Yellavathula, Allagadda, Rudravaram, Nandyal, A.P. 518583 have change my Son name from Palikite Siva Charan to Palakaveedu Shiva Charan vide affidavit no.CF 288483 dt 31/05/2026 at court campus Nasirabad


# कश्मीर विश्वविद्यालय में अजमेर के साहित्यकारों का होगा सम्मान

■ अजमेर लेखिका मंच एवं सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा 9 जून 2026 को कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर के गांधी भवन में काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा

**अजमेर, (कासं)।** साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अजमेर लेखिका मंच एवं सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा 9 जून 2026 को कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर के गांधी भवन में भव्य काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। संस्थान की संस्थापिका एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मधु खंडेलवाल के नेतृत्व में अजमेर से आठ सदस्यीय साहित्यिक प्रतिनिधिमंडल इस विशेष आयोजन में भाग लेगा। कार्यक्रम में कविता, गीत, गज़ल, मुक्तक तथा अन्य साहित्यिक विधाओं की प्रस्तुतियां होंगी, जिनके माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया जाएगा।

कश्मीर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के सहयोग से आयोजित इस समारोह में कुलपति, अधिष्ठाता (शैक्षिणक मामले), कुलसचिव, कला, भाषा एवं साहित्य संकाय के अधिष्ठाता तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता सहित अनेक शिक्षाविद्, साहित्यकार और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

अजमेर लेखिका मंच की ओर से डॉ. मधु खंडेलवाल, पुष्पा क्षेत्रपाल, दीपशिखा क्षेत्रपाल, डॉ. नंदिता रवि चौहान, अनीता यादव, भावना शर्मा और कविता प्रियदर्शिनी अपनी साहित्यिक रचनाओं का पाठ करेंगी। उनकी प्रस्तुतियां नारी चेतना, सामाजिक सरोकार, सांस्कृतिक विरासत और मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्त करेंगी। कार्यक्रम के दौरान कश्मीर विश्वविद्यालय द्वारा अजमेर लेखिका मंच एवं सामाजिक सेवा संस्थान के साथ सहभागी साहित्यकारों का सम्मान भी किया जाएगा। यह सम्मान साहित्य और समाज के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की स्वीकृति के रूप में प्रदान किया जाएगा। डॉ. मधु खंडेलवाल ने कहा कि साहित्य लोगों को जोड़ने की सबसे सशक्त शक्ति है। कश्मीर की पावन धरती पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल काव्य गोष्ठी नहीं, बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक और साहित्यिक चेतना को एक मंच पर लाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

### दयानंद बाल सदन का निरीक्षण

**अजमेर, (कासं)।** आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के प्रधान जय सिंह गहलोत ने सोमवार को दयानंद बाल सदन का दौरा कर वहां संचालित बालगृह और बालिका गृह की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। संस्था के सभासद पद्मसिंह चौधरी और प्रबंधक राजेंद्र कुमार आर्य ने उनका स्वागत किया। बालक-बालिकाओं ने पुष्पवर्षा कर अतिथियों का अभिनंदन किया। संस्था प्रबंधक ने अतिथियों को संस्था के 131 वर्षों के गौरवशाली इतिहास तथा वर्तमान में संचालित सेवा कार्यों की जानकारी दी।

# ब्यावर में लगभग 20 लाख रुपए का सट्टा पकड़ा

■ लैपटॉप, पेन ड्राइव, एलईडी और चार मोबाइल फोन जब्त, अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्यावर (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह आई.पी.एस. के निर्देशानुसार,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जैनिया व वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के निकटतम सुपरविजन में सटोरिया के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए आशुतोष पाण्डे पु.नि. थानाधिकारी थाना मय टीम एवम् डीएसटी टीम ब्यावर द्वारा आनलाईन किकेट सटटा लगाकर लोगो की रकम दाव पर लगाते हुये एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। 31.मई को मुखबीर से मिली सूचना पर पारस कोलोनी में बने मकान मे चम्पा देवी पत्नी ओमप्रकाश जाति साहु पुलिस थाना ब्यावर सिटी कें मकान मे आईपीएल के फाईलन मैच आरसीबी व जीती के बीच खेले जा रहे क्रिकेट मैच मे ऑनलाईन किकेट सटटा करते हुये दुर्गेश पुत्र ओमप्रकाश जाति साहु उम्र 31 साल निवासी पारस कोलोनी को गिरफतार किया गया।

जिसके कब्जे से एक लेपटॉप मय पेनड्राईव एलईडी वीजेड व्हाई कम्पनी की 43 ईच की व 04 मोबाइल, दो चार्जर, प्लग वाला लाईट बोर्ड, डीश टीवी का रिमोड, लेपटॉप चार्जर,की बोर्ड को जप्त किया गया। आरोपी के पास करीब 19,63,068/- रूपये का हिसाब मिला, जिस पर पुलिस थाना ब्यावर सिटी पर प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसधान जारी है। पुलिस टीम में आशुतोष पाण्डे पुनि/थानाधिकारी , विजयसिंह मीणा उ.नि,रामजस सउनि, भवानी हैड कानि, भगवान हैड कानि, सोभाग कानि, सुरेन्द्र कानि, मनुपालसिंह कानि आदि थे।



**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरोज कंवर राठौड़ पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़ जाति राजपूत निवासी 22 कायड़ रोड, वाटर टैंक सरस्वती नगर घूघरा अजमेर (राज.) के भूखण्ड संख्या 21 खसरा संख्या 426 जिसका कुल क्षेत्रफल 200 वर्ग गज अर्थात 1800 वर्ग फीट का विक्रय पत्र जरिये मुख्त्यारनामा आम से करवाया गया है। उक्त मुख्त्यारनामा श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री जमुना प्रसाद शर्मा निवासी अगमा मोहल्ला वार्ड नं. 18 बिजली घर के पास, कामां भरतपुर के द्वारा श्रीमती सरोज कंवर राठौड़ को दिया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आदेश अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर में प्रक्रियाधीन है। उक्त नामान्तरण आदेश के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अत किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

- (उपायुक्त उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर


# क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर मंत्री रावत से मिले भाजपा नेता



जयपुर स्थित आवास पर जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत से मुलाकात की।

**रूपनगढ़, (निसं)।** रूपनगढ़ क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता डीसीवी किरण और मंडल अध्यक्ष रणजीत सामरिया ने जयपुर स्थित आवास पर जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में अस्पताल की समस्याओं, पेयजल संकट, नगर पालिका गठन, अतिक्रमण तथा अन्य जनहित के मुद्दों से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। बैठक में रूपनगढ़ बस स्टैंड पर रोडवेज बसों के नहीं आने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। इस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित सभी बसों का संचालन बस स्टैंड होकर किया जाए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों और जनसुविधाओं के विस्तार पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

# भीलवाड़ा में कृषक गोष्ठी एवं वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पर कार्यक्रम

**भीलवाड़ा (निसं)।** कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाड़ा पर कृषि विभाग एवं कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्ध अभिकरण आत्मा द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय खरीफ पूर्व कृषक गोष्ठी एवं वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधि प्रशान्त मेवाड़ा ने किसानों को आव्हान किया कि रसायनयुक्त खेती को छोडकर प्राकृतिक खेती अपनाना है ताकि मृदा एवं मानव स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके। मेवाड़ा ने किसानों को कृषक हितार्थ संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की आवश्यकता जताई साथ ही वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत् जल का संरक्षण एवं संचयन करने के लिए शपथ भी दिलाई। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी. एम. यादव ने केन्द्र की गतिविधियों की जानकारी के साथ ही केन्द्र द्वारा संचालित खेत बचाओ अभियान के तहत् मिट्टी की सेहत, कम लागत एवं टिकाऊ खेती की ओर रूख करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार, विनोद जैन ने किसानों को जल संरक्षण जन अभियान में अपनी भागिदारिता सुनिश्चित कर जीर्ण-शीर्ण जल स्त्रोतो का पुनरूद्धार कर वर्षा जल को संग्रहित करने पर जोर दिया। उपनिनदेशक उद्यान विभाग डॉ. शंकर सिंह राठौड़ ने जलवायु अनकूल कृषि करने एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी व अनुदान के बारे में चर्चा की। उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा संतोष तंवर ने कृषि तकनीकी अभियान एवं वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल संरक्षण की विधियों को विस्तार से बताया। सहायक निदेशक कृषि विस्तार डॉ. धीरेन्द्र सिंह ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में जल संरक्षण हेतु डीबीटी स्कीम पाईप लाईन, फव्वारा, फार्म पोण्ड ड्रिप अनुदान की जानकारी दी। कृषि महाविद्यालय की डीन डॉ. प्रकाश पंवार ने कृषि में नवीनतम तकनीकों का समावेश कर अधिक उत्पादन प्राप्त करने तथा कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन कर अधिक आमदनी प्राप्त करने का सुझाव दिया। वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता लालचन्द कुमावत ने सन्तुलित उर्वरकों का समुचित उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उद्यान वैज्ञानिक डॉ. सुचित्रा दाधीच ने मातृवृक्ष बगीचे का रेखांकन, नर्सरी प्रबन्धन एवं फूलों की खेती से अतिरिक्त आय अर्जित करने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम में कृषि अधिकारी मीना कुमारी, सहायक कृषि अधिकारी प्रहलाद राय सारस्वत, श्याम लाल, उदय लाल गाडरी, नन्द लाल सेन एवं टीना खटीक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में 160 कृषक एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।



कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाड़ा में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी व वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आयोजन किया गया।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद किशनगढ़, अजमेर**

क्रमांक-न.पा.कि./प्रा.अ./कृ.भू.नि./2026/276 **लोक सूचना** दिनांक-29.05.2026

आवेदक श्री तेज सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| किशनगढ़-अजमेर | तोलामाल | 524/488 | 2269.00 वर्गमीटर |
| | | 531/525 | 211.00 वर्गमीटर |
| | | कुल किता 02 | 2480.00 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृत्ति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो यह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

- प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद किशनगढ़, अजमेर**

क्रमांक-न.पा.कि./प्रा.अ./कृ.भू.नि./2026/281 **लोक सूचना** दिनांक-29.05.2026

आवेदक श्री तेज सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| किशनगढ़-अजमेर | तोलामाल | 524/488 | 2292.00 वर्गमीटर |
| | | 531/525 | 204.00 वर्गमीटर |
| | | कुल किता 02 | 2496.00 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृत्ति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो यह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

- प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ़